# यूपीसीडा से फैक्टरी लगाने के लिए 3,500 उद्योगपतियों ने ली जमीन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की भूमि पर अब बड़े-बड़े उद्यागपति भी फैक्टरी लगाने लगे हैं। इसके लिए मौजूदा सरकार के कार्यकाल में 51 जिलों में यूपीसीडा के औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 3,500 उद्योगपतियों ने जमीन ली है। इससे 11,500 करोड़ रुपये का निवेश होगा और लगभग एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

जमीन लेने वाले तमाम उद्योगपतियों ने फैक्टरी लगाने के बाद उत्पादन भी शुरू कर दिया है। हरदोई के संडीला क्षेत्र में आईटीसी लि., वरुण बेवरेजेज लि. (पेप्सिको), बर्जर पेंट्स लि., ग्रीन प्लाई इंडस्ट्रीज लि., ब्रिटिश पेंट्स लि. व वेब्ले स्कॉट लि., शाहजहांपुर में कृभको फर्टिलाइजर लि., कानपुर

## 11500 करोड़ रुपये का होगा निवेश, एक लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

में प्लास्टिक पैक लि., बाराबंकी में एसएमएस जी लि. (कोका कोला) और आगरा में वॉन वेल्स लि. ने फैक्टरी लगाने की पहल की है। उधर, उन्नाव में 550 करोड़ रुपये की लागत से 42 एकड़ में मेगा लेदर पार्क बनाने की योजना है।

इसके अतिरिक्त पिछले एक साल में कोरोना महामारी के दौरान एक हजार से अधिक उद्योगपतियों ने फैक्टरी लगाने के लिए यूपीसीडा से जमीन ली है। इन फैक्टरियों की स्थापना से लगभग 5100 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इनमें ब्रिटिश कंपनी एवी मोरी प्रमुख है। इस कंपनी ने चित्रकूट और पीलीभीत में फैक्टरी लगाने के लिए जमीन ली है। ब्यूरो